**दिनांक: 7 नवम्बर, 2025**

# वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुतिकरण की स्थिति तथा बिहार के पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (RUPPs) सहित उन अन्य दलों के चुनावी प्रदर्शन का विश्लेषण, जिन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाग लिया था।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

प्लाट नंबर. ई-5, चौथी मंजिल, लेन-1, वेस्टएंड मार्ग, सईदुलाजब,

(साकेत मेट्रो गेट नंबर 2 के पीछे) नई दिल्ली- 110030

ईमेल: adr@adrindia.org ; फ़ोन: 011-4165 4200

# वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुतिकरण की स्थिति तथा बिहार के पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (RUPPs) सहित उन अन्य दलों के चुनावी प्रदर्शन का विश्लेषण, जिन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाग लिया था।

## परिचय

भारत की बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दल चुनावी परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मार्च 2024 तक भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा 6 राष्ट्रीय दल, 60 राज्य दल और लगभग 2,764 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (RUPPs) मान्यता प्राप्त हैं। राजनीतिक दल या तो **मान्यता प्राप्त दल** होते हैं या **गैर-मान्यता प्राप्त दल**। कोई राजनीतिक दल राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर तभी मान्यता प्राप्त कर सकता है जब वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कुछ शर्तों को पूरा करता है। किसी दल को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल बनने के लिए राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर उसे पिछली विधानसभा या लोकसभा चुनाव में वैध मतों का न्यूनतम प्रतिशत प्राप्त करना होता है या निर्धारित संख्या में सीटें जीतनी होती हैं। भारत निर्वाचन आयोग को यह अधिकार है कि वह गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को, निर्धारित शर्तों को पूरा करने पर, शीघ्र मान्यता देने हेतु निर्देश जारी करे।

पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल वे दल होते हैं जो या तो हाल ही में पंजीकृत हुए हैं, या जिन्हें पर्याप्त मत या सीटें नहीं मिल पाई हैं जिससे वे राष्ट्रीय या राज्य दल का दर्जा प्राप्त कर सकें, अथवा वे दल जिन्होंने पंजीकरण के बाद कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा है। हालांकि इनकी मान्यता नहीं होती, फिर भी ये दल भारत के राजनीतिक तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि ये अक्सर स्थानीय या विशिष्ट हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। लेकिन इनके वित्तीय लेन-देन, आय और व्यय की पारदर्शिता को लेकर चिंताएँ व्यक्त की गई हैं, जिससे धन के दुरुपयोग की संभावनाएँ बढ़ जाती हैं और यही कारण है कि इनकी गतिविधियाँ नियामक जांच के दायरे में आती हैं।

गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को वे सभी सुविधाएँ प्राप्त नहीं होतीं जो मान्यता प्राप्त दलों- जैसे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय (राज्य) दलों को मिलती हैं। इनमें शामिल हैं:

1. **चुनाव चिन्ह से जुड़ा अधिकार नहीं**- ऐसे दलों को आरक्षित चुनाव का विशेष अधिकार नहीं होता। उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 'मुक्त चिन्हों' की सूची में से किसी एक चिन्ह का चयन करना पड़ता है।
2. मतदाता सूची की निःशुल्क प्रतियाँ नहीं मिलतीं।
3. आकाशवाणी या दूरदर्शन पर चुनाव प्रसारण सुविधा का अधिकार नहीं होता।
4. पार्टी कार्यालयों के लिए भूमि रियायती दरों पर आवंटित नहीं की जाती।

भारत निर्वाचन आयोग ने 1 अक्टूबर, 2014 से प्रभावी "राजनीतिक दलों के धन और चुनाव व्यय में पारदर्शिता और जवाबदेही, गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने" से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए।

इन दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अपने आवश्यक विवरण संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा करने होते हैं। राज्य स्तर पर इन रिपोर्टों के प्राप्त होने के बाद दलों के **वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट, योगदान रिपोर्टें** और **चुनाव व्यय विवरण** की स्कैन की हुई प्रतियाँ संबंधित राज्यों के सीईओ की वेबसाइट पर **प्राप्ति के तीन दिनों के भीतर** सार्वजनिक अवलोकन के लिए अपलोड की जानी होती हैं।

यह रिपोर्ट बिहार में पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उन दलों के परिदृश्य का विश्लेषण करती है जिन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाग लिया था। बिहार अपनी जीवंत और जटिल राजनीतिक व्यवस्था के लिए जाना जाता है। इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है, जो ऑडिट रिपोर्टों, दान विवरणों और मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) बिहार, अन्य राज्यों के सीईओस तथा भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की वेबसाइटों पर उपलब्ध खुलासों पर आधारित है। कुल 278 दलों की प्रारंभिक समीक्षा की गई, जिनमें से 275 दलों को इस रिपोर्ट के मूल विश्लेषण में शामिल किया गया है। तीन दलों **भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (लिबरेशन),** जो अब बिहार में एक क्षेत्रीय पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त है, तथा **भारत भ्रष्टाचार मिटाओ पार्टी** (दिल्ली) और **समाजवादी जनता दल (डेमोक्रेटिक)** (बिहार), जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 मई 2023 को निष्क्रिय गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के रूप में वर्गीकृत किया गया था को विश्लेषण से बाहर रखा गया है। ये तीनों दल 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतार चुके थे।

275 दलों में से 184 बिहार में पंजीकृत हैं, जबकि 91 अन्य राज्यों से हैं। रिपोर्ट के प्रमुख विश्लेषण बिंदुओं में दलों की आय, व्यय, कुल दान और रु 20,000 से अधिक का दान, और चुनावी भागीदारी शामिल है। विशेष रूप से 2020 बिहार विधानसभा चुनाव में ऐसे 195 दलों ने भाग लिया था, जिनमें से 192 का विश्लेषण इस रिपोर्ट में किया गया है।

एक उल्लेखनीय अद्यतन यह है कि अगस्त और सितंबर 2025 में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचनाओं के अनुसार **32 राजनीतिक दलों** (विवरण के लिए यहाँ क्लिक करें) को सूची से हटा दिया गया है। यह परिवर्तन उनके दर्जे को प्रभावित करता है और जहां आवश्यक है, उसका प्रभाव इस विश्लेषण में दर्शाया गया है। इन दलों को निष्क्रियता, रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का पालन न करने या चुनावी भागीदारी की कमी जैसे कारणों के आधार पर सूची से हटाया गया था। इन दलों द्वारा पिछले पाँच वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24) में घोषित कुल आय लगभग **रु 1,099.59 लाख** रही है, हालांकि उपलब्ध विवरणों का स्तर अलग-अलग है। इन निष्कासित दलों में, सबसे अधिक आय **राष्ट्रीय सर्वोदय पार्टी, बिहार** (जनवरी 2014 में पंजीकृत) ने घोषित की है पाँच वर्षों में कुल **रु 1,066.37 लाख**, जिसमें से सबसे अधिक **रु 426.34 लाख** की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 में दर्ज की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस दल ने **कोई चुनाव नहीं लड़ा**।

**एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)** ने गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की वित्तीय पारदर्शिता से संबंधित कई रिपोर्टें जारी की हैं, जिन्हें यहां देखा जा सकता है।

**दल की स्थिति का समग्र सारांश**

यह डेटा-संग्रह वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बिहार से जुड़े गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का एक विस्तृत परिदृश्य प्रस्तुत करता है। कुल 275 दलों के विश्लेषण से निम्नलिखित स्थिति सामने आई है:

- **कुल ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध:** 98 दल (इन दलों ने अपनी वित्तीय ऑडिट रिपोर्ट जमा की या जिनकी रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।)
- **कुल दान रिपोर्ट उपलब्ध:** 81 दल (इन दलों द्वारा प्राप्त दान रिपोर्ट की जानकारी उपलब्ध है, विशेष रूप से रु 20,000 से अधिक के दान की, जिसका खुलासा अनिवार्य है|)

**रिपोर्ट उपलब्धता का विवरण:**

- दोनों रिपोर्ट उपलब्ध: **67 दल (24.363%)**
- केवल ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध: **31 दल (11.273%)**
- केवल दान रिपोर्ट उपलब्ध: **14 दल (5.091%)**
- दोनों रिपोर्ट अनुपलब्ध: **163 दल (59.273%)**

**उपरोक्त विश्लेषण** पारदर्शिता में गंभीर कमियों **को उजागर करता है, क्योंकि आधे से अधिक दलों की** वित्तीय जानकारी राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइटों या भारत निर्वाचन आयोग पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है**।**

## चुनावों में भाग न लेने वाले दल: राजनीतिक परिदृश्य में निष्क्रिय इकाइयाँ


उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बिहार में पंजीकृत 28 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने किसी भी चुनाव में भाग नहीं लिया। इन दलों की पिछले पाँच वित्तीय वर्षों (वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24) के दौरान कुल घोषित आय **रु 152.545 लाख** रही है। इनमें सबसे अधिक आय मिथिलावादी पार्टी (सितंबर 2020 में पंजीकृत) की रही, जिसने पाँच वर्षों में कुल **रु 82.398 लाख** की आय घोषित की है, जो प्रति वर्ष लगभग **रु 20 लाख** की स्थिर आय दर्शाती है। इसके बाद शोषित इंकलाब पार्टी का स्थान है, जिसकी पाँच वर्षों की कुल आय **रु 29.49 लाख** रही जिसमें से **रु 15.31 लाख** वित्तीय वर्ष 2023-24 में और **रु 14.18 लाख** वित्तीय वर्ष 2022-23 में दर्ज की गई। तीसरे स्थान पर गणतांत्रिक जनहित पार्टी है, जिसकी कुल आय **रु 21.05 लाख** रही, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 में **रु 3.05 लाख** से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में **रु 10 लाख** तक पहुंच गई।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का विश्लेषण, जिनकी ऑडिट और योगदान दोनों रिपोर्ट उपलब्ध हैं

- यह रिपोर्ट कुल 275 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (जो कुल दलों का लगभग **9.95%** हैं) की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुतिकरण की स्थिति का विश्लेषण करती है। इनमें से **184 दल** बिहार में पंजीकृत हैं, जबकि **91 दल** अन्य राज्यों के हैं जिनकी ऑडिट या योगदान रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बिहार तथा अन्य संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइटों पर उपलब्ध थी।

- विश्लेषण से पता चलता है कि 67 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट और योगदान रिपोर्ट, दोनों सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। इन दलों ने संयुक्त रूप से कुल **रु 85.56 करोड़** की आय, **रु 71.49 करोड़** का व्यय, और **रु 71.73 करोड़** (रु 20,000 से अधिक वाले दानों सहित) कुल योगदान घोषित किया है।
- **समता पार्टी (दिल्ली)** ने सबसे अधिक **रु 53.139 करोड़** की आय घोषित की है, इसके बाद पश्चिम बंगाल की पार्टी **सोशियलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)** ने **रु 9.598 करोड़** की आय घोषित की है।
- जिन गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की दोनों रिपोर्टें (ऑडिट और योगदान) उपलब्ध हैं, उनमें सबसे अधिक संख्या **बिहार** की है **39 दल**, इसके बाद **उत्तर प्रदेश** के **11 दल** और **दिल्ली** के **8 दल** शामिल हैं।
- कुल **34 दलों** ने रु 20,000 से अधिक के किसी भी दान की सूचना **शून्य** के रूप में दी है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए **दोनों रिपोर्टें (ऑडिट और योगदान)** प्रस्तुत करने वाले **आय के आधार पर शीर्ष दस गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल** इस प्रकार हैं:

| Party Name | Total Income (Rs lakhs) | Total Expenditure (Rs lakhs) | Total Donations (Rs lakhs) | Donations Above Rs 20,000 (Rs lakhs) |
|---|---|---|---|---|
| Samata Party | 5,313.92 | 5,028.46 | 5,312.76 | 5,312.58 |
| Socialist Unity Centre of India (Communist) | 959.82 | 705.45 | 228.91 | 228.91 |
| Social Democratic Party of India | 479.55 | 444.14 | 474.6 | 479.55 |
| Aazad Samaj Party (Kanshi Ram) | 430.37 | 121.2 | 430.18 | 245.18 |
| Rashtriya Samaj Paksha | 246.82 | 37.14 | 242.83 | 16.18 |
| Rashtriya Sarvodaya Party | 242.45 | 128.15 | 242.45 | 242.45 |
| Rashtriya Janshakti Party (Secular) | 183.01 | 97.32 | 183.01 | 178.96 |
| Jan Sangh Party | 180.12 | 157.79 | 180.12 | 184.26 |
| Suheldev Bharatiya Samaj Party | 140.34 | 128.71 | 140.34 | 54.57 |
| Vanchit Bahujan Aaghadi | 115.94 | 64.23 | 107.8 | 86.2 |
| Total | Rs 82.923 cr | Rs 69.126 cr | Rs 75.43 cr | Rs 70.288 cr |




- चुनावी प्रदर्शन के संदर्भ में, इन **67** गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से **46 दल** (लगभग 69%) ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाग लिया था। इन दलों ने मिलकर कुल 504 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे, जिनमें से केवल **8 उम्मीदवार विजयी** हुए, जिसमें से **4** उम्मीदवार **हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर)** से और **4** उम्मीदवार **विकासशील इंसान पार्टी** के थे | इन दोनों दलों को क्रमशः 3,75,564 और 6,39,840 मत प्राप्त हुए।
- चार दल (राष्ट्रीय सर्वोदय पार्टी, यंग इंडिया पार्टी, जय जनता पार्टी और सर्वजन कल्याण लोकतांत्रिक पार्टी) जिनकी सम्मिलित आय **रु 2.53 करोड़** रही, जिनको हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सूची से हटा दिया गया है। इन दलों ने हाल के वर्षों में किसी भी चुनाव में भाग नहीं लिया।
- आय के आधार पर शीर्ष 10 दलों के चुनावी प्रदर्शन का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है।

| Bihar RUPPs: Electoral details of top 10 parties by income whose both audit and contribution reports were available for FY 2023-24 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Party Name | Registered address (State) | Registration of political party with ECI (Month & Year) | Election analysed | No. of contesting candidates | No. of candidates won | Share in valid votes polled in state | Last election contested by party |
| 1 | Samata Party | Delhi | October 1994 | Bihar Assembly Election 2020 | 10 | 0 | 9382 | Delhi Assembly Election 2025 |

| Bihar RUPPs: Electoral details of top 10 parties by income whose both audit and contribution reports were available for FY 2023-24 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Party Name | Registered address (State) | Registration of political party with ECI (Month & Year) | Election analysed | No. of contesting candidates | No. of candidates won | Share in valid votes polled in state | Last election contested by party |
| 2 | Socialist Unity Centre of India (Communist) | West Bengal | November 2009 | Bihar Assembly Election 2020 | 25 | 0 | 18270 | Delhi Assembly Election 2025 |
| 3 | Social Democratic Party of India | Delhi | 56/175/2009/PPS-1 | Bihar Assembly Election 2020 | 14 | 0 | 27871 | Delhi Assembly Election 2025 |
| 4 | Aazad Samaj Party (Kanshi Ram) | Delhi | October 2022 | Bihar Assembly Election 2020 | 4 | 0 | 4552 | Delhi Assembly Election 2025 |
| 5 | Rashtriya Samaj Paksha | Maharashtra | August 2003 | Bihar Assembly Election 2020 | 5 | 0 | 4414 | Maharashtra Assembly Election 2024 |
| 6 | Rashtriya Sarvodaya Party | Bihar | October 2014 | As per available information - did not contest | - | - | - | As per available information - did not contest elections |
| 7 | Rashtriya Janshakti Party (Secular) | Delhi | February 2018 | Bihar Assembly Election 2020 | 7 | 0 | 5988 | Delhi Assembly Election 2025 |
| 8 | Jan Sangh Party | Uttar Pradesh | September 2009 | Bihar Assembly Election 2020 | 1 | 0 | 1230 | Lok Sabha 2024 |
| 9 | Suheldev Bharatiya Samaj Party | Uttar Pradesh | March 2004 | Bihar Assembly Election 2020 | 2 | 0 | 1249 | Delhi Assembly Election 2025 |
| 10 | Vanchit Bahujan Aaghadi | Maharashtra | March 2019 | Bihar Assembly Election 2020 | 4 | 0 | 4907 | Maharashtra Assembly Election 2024 |

## वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केवल वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का विश्लेषण

- इस श्रेणी में 31 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल शामिल हैं, जिनकी केवल वार्षिक ऑडिट रिपोर्टें वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध थीं, जबकि उनकी दान रिपोर्टें उपलब्ध नहीं थीं। इन रिपोर्टों से दलों की आय और व्यय से संबंधित जानकारी मिलती है, हालांकि इनमें रु 20,000 से अधिक के दानों का अलग-अलग विवरण नहीं दिया गया है। इनमें से अधिकांश दल बिहार (24 दल) में पंजीकृत हैं, जबकि शेष उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और झारखंड से हैं।
- इन सभी दलों ने मिलकर कुल **रु 18.17 करोड़** की आय, **रु 18.03 करोड़** का व्यय, और **रु 18.02 करोड़** के दान घोषित किए जो लगभग समान हैं, यह दर्शाता है कि इन दलों की मुख्य आय का स्रोत दान ही है।
- इस श्रेणी में सबसे अधिक आय वाले दल का नाम है **राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी** (बिहार में पंजीकृत), जिसकी कुल घोषित आय **रु 1647.59 लाख** है, जो सभी 31 दलों की कुल आय का **90%** से अधिक है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केवल ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले शीर्ष दस गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का विवरण नीचे दिया गया है:

| Details of top 10 RUPPs that contested 2020 Bihar Election and declared only Audit Report for FY 2023-24 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Party Name | Registered Address (State) | Registration of political party with ECI | Total Income (in Rs lakhs) | Total Expenditure (in Rs lakhs) | Total Donation (in Rs Lakhs) | Donations above Rs 20,000 (in Rs Lakhs) |
| 1 | Rashtriya Jansambhavna Party | Bihar | (Regd. No.: 56/134/2017-17/PPS-1) | 1647.59 | 1647.07 | 1647.59 | N/A |
| 2 | Loktantrik Lok Rajyam Party | Bihar | Formation year not found | 37.88 | 34.46 | 37.86 | N/A |
| 3 | Jan Adhikar Party | Uttar Pradesh | May 2015 | 27.74 | 24.58 | 20.31 | N/A |
| 4 | Peace Party | Uttar Pradesh | February 2008 | 19.43 | 19.7 | 19.43 | N/A |
| 5 | Shoshit Inquilab Party | Bihar | Formation year not found | 15.31 | 14.27 | 11.79 | N/A |
| 6 | Peoples Party of India (Democratic) | Gujarat | March 2018 | 13.67 | 11.37 | 12.49 | N/A |
| 7 | Bharatiya Aam Awam Party | Bihar | Formation year not found | 11.56 | 11.54 | 11.56 | N/A |
| 8 | Gantantrik Janhit Party | Bihar | Formation year not found | 10 | 10.08 | 10 | N/A |
| 9 | National Jagaran Party | Bihar | Formation year not found | 8.67 | 8.66 | 8.67 | N/A |

| Details of top 10 RUPPs that contested 2020 Bihar Election and declared only Audit Report for FY 2023-24 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Party Name | Registered Address (State) | Registration of political party with ECI | Total Income (in Rs lakhs) | Total Expenditure (in Rs lakhs) | Total Donation (in Rs Lakhs) | Donations above Rs 20,000 (in Rs Lakhs) |
| 10 | Ambedkarite Party of India | Maharashtra | December 2013 | 4.67 | 2.88 | 4.5 | N/A |

- चुनावी प्रदर्शन के दृष्टिकोण से, इन 31 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से 21 दल (लगभग 68%) ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाग लिया था। इन दलों ने मिलकर कुल 178 उम्मीदवार मैदान में उतारे, जिनमें से कोई भी उम्मीदवार विजयी नहीं हुआ।
- अधिकांश दलों ने 10 से कम उम्मीदवार उतारे, जबकि पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) ने सबसे अधिक 45 उम्मीदवार मैदान में उतारे, परंतु एक भी सीट पर जीत हासिल नहीं की।
- तीन दलों (वसुधैव कुटुंबकम पार्टी, राष्ट्रीय सदाबहार पार्टी, और भारतीय बैकवर्ड पार्टी) को 2025 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सूची से हटा दिया गया। इन दलों की कुल आय मात्र **रु 0.79 लाख** रही और हाल के वर्षों में किसी भी चुनावी गतिविधि में इनकी भागीदारी दर्ज नहीं की गई (राष्ट्रीय सदाबहार पार्टी ने अंतिम बार बिहार विधानसभा चुनाव 2015 में भाग लिया था)|
- पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) का राज्य में डाले गए वैध मतों में सबसे अधिक हिस्सा रहा 37,630 मत था।
- आय के आधार पर शीर्ष 10 दलों के चुनावी प्रदर्शन का विवरण नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत है।

| Bihar RUPPs: Electoral details of top 10 parties by income whose audit reports only were available for FY 2023-24 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Party name | Election Analysed | No. of contesting candidates | No. of candidates won | Share in valid votes polled in state | Last election contested by party |
| 1 | Rashtriya Jansambhavna Party | Bihar Assembly Election 2020 | 30 | 0 | 31450 | Lok Sabha 2024 |
| 2 | Loktantrik Lok Rajyam Party | As per available information - did not contest elections | 4 | 0 | 4169 | Lok Sabha 2024 |
| 3 | Jan Adhikar Party | Bihar Assembly Election 2020 | 6 | 0 | 10023 | Madhya Pradesh Legislative Election 2023 |
| 4 | Peace Party | Bihar Assembly Election 2020 | 6 | 0 | 5359 | Delhi Assembly Election 2025 |
| 5 | Shoshit Inquilab Party | As per available information - did not contest | - | - | - | As per available information - did not contest election |
| 6 | Peoples Party of India (Democratic) | Bihar Assembly Election 2020 | 45 | 0 | 37630 | Maharashtra Assembly Election 2024 |
| 7 | Bharatiya Aam Awam Party | Bihar Assembly Election 2020 | 5 | 0 | 3776 | Lok Sabha 2024 |

| Bihar RUPPs: Electoral details of top 10 parties by income whose audit reports only were available for FY 2023-24 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Party name | Election Analysed | No. of contesting candidates | No. of candidates won | Share in valid votes polled in state | Last election contested by party |
| 8 | Gantantrik Janhit Party | As per available information - did not contest | - | - | - | As per available information - did not contest elections |
| 9 | National Jagaran Party | Bihar Assembly Election 2020 | 3 | 0 | 2110 | Madhya Pradesh Legislative Election 2023 |
| 10 | Ambedkarite Party of India | Bihar Assembly Election 2020 | 7 | 0 | 9765 | Maharashtra Assembly Election 2024 |

## वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केवल योगदान रिपोर्ट उपलब्ध पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का विश्लेषण

- इस श्रेणी में 14 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल शामिल हैं, जिनकी योगदान रिपोर्टें उपलब्ध हैं, लेकिन ऑडिट रिपोर्टें उपलब्ध नहीं हैं। इन रिपोर्टों में केवल रु 20,000 से अधिक के दानों का विवरण दिया गया है। इनमें से अधिकांश दल बिहार (7 दल) से हैं, जबकि शेष दिल्ली, मध्य प्रदेश, झारखंड और हरियाणा से संबंधित हैं।
- इन दलों ने मिलकर रु 20,000 से अधिक वाले दानों की कुल राशि **रु 682.28 करोड़** घोषित की है।
- शीर्ष दलों में **आम जनमत पार्टी** और **प्रबल भारत पार्टी** (दोनों बिहार में पंजीकृत) शामिल हैं, जिन्होंने **रु 680.655 करोड़** के दान (रु 20,000 से अधिक) घोषित किए हैं जो सभी 14 दलों के कुल दानों का **99%** से अधिक है।
- नौ दलों ने दान (रु 20,000 से अधिक) की सूचना शून्य के रूप में दी है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केवल योगदान रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले सभी 14 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का विवरण नीचे दिया गया है:

| Details of 14 RUPPs that contested 2020 Bihar Election and whose Contribution Reports only are available for FY 2023-24 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Party Name | Registered Address (State) | Registration of political party with ECI | Total Income | Total Expenditure | Total Donations | Donations above Rs 20,000 (in Rs Lakhs) |
| 1 | Aam Janmat Party | Bihar | May 2020 | N/A | N/A | N/A | 62024.35 |
| 2 | Prabal Bharat Party | Bihar | October 2019 | N/A | N/A | N/A | 6041.19 |
| 3 | Rashtriya General Party | Bihar | March 2017 | N/A | N/A | N/A | 80.85 |
| 4 | Swaraj India | Delhi | February 2017 | N/A | N/A | N/A | 64.68 |
| 5 | Proutist Bloc, India | Delhi | September 2010 | N/A | N/A | N/A | 17.34 |
| 6 | Bharatiya Jan Kranti Dal (Democratic) | Madhya Pradesh | Formation year not found | N/A | N/A | N/A | 0 |
| 7 | Loktantrik Janta Dal | Haryana | July 2018 | N/A | N/A | N/A | 0 |

| Details of 14 RUPPs that contested 2020 Bihar Election and whose Contribution Reports only are available for FY 2023-24 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Party Name | Registered Address (State) | Registration of political party with ECI | Total Income | Total Expenditure | Total Donations | Donations above Rs 20,000 (in Rs Lakhs) |
| 8 | Rashtriya Jansangharsh Swaraj Party | Jharkhand | Jun 2016 | N/A | N/A | N/A | 0 |
| 9 | Sathi Aur Aapka Faisala Party | Bihar | December 2014 | N/A | N/A | N/A | 0 |
| 10 | Sapaks Party | Madhya Pradesh | November 2018 | N/A | N/A | N/A | 0 |
| 11 | Swatantra Samaj Party | Bihar | March 2011 | N/A | N/A | N/A | 0 |
| 12 | Voters Party International | Delhi | November 2016 | N/A | N/A | N/A | 0 |
| 13 | Lohiya Janta Dal | Bihar | March 2024 | N/A | N/A | N/A | 0 |
| 14 | Sudharwadi Party | Bihar | February 2021 | N/A | N/A | N/A | 0 |

- चुनावी प्रदर्शन के संदर्भ में, इन 14 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से **12 दल** (लगभग 85.71%) ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाग लिया था। इन दलों ने मिलकर कुल 72 उम्मीदवार मैदान में उतारे, जिनमें से कोई भी उम्मीदवार विजयी नहीं हुआ।
- **वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल** (13 उम्मीदवार) और **प्रबल भारत पार्टी** (15 उम्मीदवार) ने सबसे अधिक प्रत्याशी उतारे, लेकिन एक भी सीट पर जीत हासिल नहीं की। वहीं, **लोहिया जनता दल** और **सुधारवादी पार्टी** इन दो दलों ने 2020 बिहार विधानसभा चुनाव में भाग नहीं लिया था |
- **वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल** का राज्य में डाले गए वैध मतों में 18,257 मत सबसे अधिक हिस्सा रहा |
- इन सभी 14 दलों के चुनावी प्रदर्शन का विवरण नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत है।

| Bihar RUPPs: Electoral details of 14 parties whose contribution reports only were available for FY 2023-24 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Party Name | Election Analysed | No. of contesting candidates | No. of candidates won | Share in valid votes polled in state | Last election contested by party |
| 1 | Aam Janmat Party | Bihar Assembly Election 2020 | 7 | 0 | 12476 | Delhi Assembly Election 2025 |
| 2 | Prabal Bharat Party | Bihar Assembly Election 2020 | 15 | 0 | 11883 | Lok Sabha 2024 |
| 3 | Rashtriya General Party | Bihar Assembly Election 2020 | 1 | 0 | 994 | Bihar General Election 2020 |
| 4 | Swaraj India | Bihar Assembly Election 2020 | 1 | 0 | 965 | Kerala General Legislative Election 2021 |
| 5 | Proutist Bloc, India | Bihar Assembly Election 2020 | 5 | 0 | 4719 | Delhi Assembly Election 2025 |

| Bihar RUPPs: Electoral details of 14 parties whose contribution reports only were available for FY 2023-24 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Party Name | Election Analysed | No. of contesting candidates | No. of candidates won | Share in valid votes polled in state | Last election contested by party |
| 6 | Bharatiya Jan Kranti Dal (Democratic) | Bihar Assembly Election 2020 | 12 | 0 | 8191 | Lok Sabha 2024 |
| 7 | Loktantrik Janta Dal | Bihar Assembly Election 2020 | 9 | 0 | 7421 | Lok Sabha 2024 |
| 8 | Rashtriya Jansangharsh Swaraj Party | Bihar Assembly Election 2020 | 1 | 0 | 1114 | Jharkhand Legislative Election 2024 |
| 9 | Sathi Aur Aapka Faisala Party | Bihar Assembly Election 2020 | 3 | 0 | 3055 | Lok Sabha 2024 |
| 10 | Sapaks Party | Bihar Assembly Election 2020 | 4 | 0 | 2214 | Lok Sabha 2024 |
| 11 | Swatantra Samaj Party | Bihar Assembly Election 2020 | 1 | 0 | 1032 | Bihar General Election 2020 |
| 12 | Voters Party International | Bihar Assembly Election 2020 | 13 | 0 | 18257 | Bihar General Election 2020 |
| 13 | Lohiya Janta Dal | As per available information - did not contest | - | - | - | As per available information - did not contest elections |
| 14 | Sudharwadi Party | As per available information - did not contest | - | - | - | As per available information - did not contest elections |

## वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उन पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का विश्लेषण, जिनकी ऑडिट और योगदान रिपोर्ट दोनों अनुपलब्ध

- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 163 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की ऑडिट रिपोर्ट और योगदान रिपोर्ट, दोनों ही उपलब्ध नहीं हैं। इन दलों की रिपोर्टें संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइटों पर अनुपस्थित हैं। वित्तीय जानकारी का यह अभाव एक गंभीर पारदर्शिता की कमी को दर्शाता है, क्योंकि इन दलों के लिए कुल आय, कुल व्यय, कुल दान, और रु 20,000 से अधिक के दान से जुड़ा कोई भी डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है।
- ये दल कई राज्यों में पंजीकृत हैं जिनमें बिहार के 114 दल, दिल्ली के 21 दल, और उत्तर प्रदेश के 19 दल, सहित अन्य राज्यों के दल शामिल हैं।
- इन 163 दलों में से 113 दल (लगभग 69%) ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाग लिया था। इन दलों ने मिलकर कुल 712 उम्मीदवार मैदान में उतारे, जिनमें से कोई भी उम्मीदवार विजयी नहीं हुआ।
- औसतन, प्रत्येक दल को राज्य में डाले गए **वैध मतों** में से लगभग **7,800 मत** प्राप्त हुए।

- इन में से 25 दलों (लगभग 15%) को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अगस्त और सितंबर 2025 में निष्क्रियता या नियमों का पालन न करने के कारण सूची से हटा दिया गया है । उदाहरणस्वरूप- भारतीय सुराज दल, गरीब जनता दल (सेक्युलर) और नेशनल जनता पार्टी (इंडियन) हैं।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिन 10 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की कोई भी वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, उनका विवरण नीचे प्रस्तुत है। सभी 163 दलों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें |

| Bihar RUPPs: Electoral details of 10 RUPPs whose annual audit and contribution reports were unavailable for FY 2023-24 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Party Name | Registered Address (State) | Registration | Election analysed | No. of contesting candidates | No. of candidates Won | Share in valid votes polled in state | Last election contested by party |
| 1 | Aapki Apni Adhikar Party | Haryana | 2018 | Bihar General Election 2020 | 4 | 0 | 1762 | Bihar General Election 2020 |
| 2 | Aam Adhikar Morcha | Bihar | Formation year not found | Bihar General Election 2020 | 5 | 0 | 7603 | Bihar General Election 2020 |
| 3 | Akhil Bhartiya Manavadhikar Vichar Manch Party | Bihar | Formation year not found | Bihar General Election 2020 | 1 | 0 | 826 | Lok Sabha 2024 |
| 4 | Anti-corruption Dynamic Party | Tamil Nadu | August 2018 | Bihar General Election 2020 | 3 | 0 | 1506 | Lok Sabha 2024 |
| 5 | All India Majlis-E-Inquilab-E-Millat | Telangana | September 2019 | Bihar General Election 2020 | 2 | 0 | 1947 | Maharashtra Assembly Election 2024 |
| 6 | All India Minorities Front | Delhi | July 1994 | Bihar General Election 2020 | 7 | 0 | 6585 | Uttar Pradesh General Legislative Election 2022 |
| 7 | Akhil Bhartiya Mithila Party | Bihar | Formation year not found | Bihar General Election 2020 | 1 | 0 | 747 | Bihar General Election 2020 |

| Bihar RUPPs: Electoral details of 10 RUPPs whose annual audit and contribution reports were unavailable for FY 2023-24 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Party Name | Registered Address (State) | Registration | Election analysed | No. of contesting candidates | No. of candidates Won | Share in valid votes polled in state | Last election contested by party |
| 8 | Akhand Bhartiya Yuva Party | Delhi | January 2013 | Bihar General Election 2020 | 3 | 0 | 1104 | Bihar General Election 2020 |
| 9 | Akhand Bharat Janpriya Party | Bihar | Formation year not found | Bihar General Election 2020 | 1 | 0 | 818 | Lok Sabha 2024 |
| 10 | Aadarsh Mithila Party | Uttar Pradesh | March 2014 | Bihar General Election 2020 | 3 | 0 | 7543 | Lok Sabha 2024 |

## पिछले पाँच वर्षों में उन शीर्ष 10 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की कुल आय, जिनकी ऑडिट रिपोर्ट और योगदान रिपोर्ट दोनों वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उपलब्ध हैं।

- इन 10 शीर्ष गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पिछले पाँच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24) में कुल आय **रु 15,567.2 लाख** (रु 155.672 करोड़) रही है, जिसमें से सबसे अधिक आय वित्तीय वर्ष 2023-24 में **रु 82.923 करोड़** (कुल का लगभग **53%)** की आय दर्ज की गई । ये दल विभिन्न राज्यों में पंजीकृत हैं दिल्ली (4), महाराष्ट्र (2), उत्तर प्रदेश (2), पश्चिम बंगाल (1) और बिहार (1) जो बिहार की राजनीति में सक्रिय की बहु-क्षेत्रीय उपस्थिति को दर्शाते हैं।
- आय का बड़ा हिस्सा कुछ ही दलों में केंद्रित है शीर्ष तीन दल समता पार्टी, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया ने मिलकर कुल **रु 11,767.928 लाख** (कुल आय का **75.6%**) अर्जित किया।
- **समता पार्टी** ने सबसे अधिक पाँच वर्षों में कुल आय **रु 56.15 करोड़** (36%) घोषित की है। इस दल की आय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में जबरदस्त वृद्धि हुई, जो इसकी कुल पाँच वर्षीय आय का **95%** है।
- दूसरे स्थान पर है सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट), जिसकी पाँच वर्षों की कुल आय **रु 35.39 करोड़** (22.7%) रही। इस दल ने लगातार स्थिर फंडिंग दिखाई, जिसकी सबसे अधिक आय वित्तीय वर्ष 2022-23 में रही जो सभी वर्षों में सबसे अधिक थी |
- इन दलों ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भी भाग लिया, परंतु सीमित सफलता मिली। उदाहरण के लिए समता पार्टी: 10 उम्मीदवार, 9,382 वोट, कोई विजेता नहीं था । सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर (कम्युनिस्ट): 25 उम्मीदवार, 18,270 वोट, कोई विजेता नहीं था |
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल आय में उल्लेखनीय वृद्धि (53%) देखी गई, जो संभवतः चुनावी चक्रों जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 और लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों से जुड़ी हो सकती है। इससे पहले के वर्षों में


आय अपेक्षाकृत स्थिर और कम रही, जबकि FY 2020-21 (कोविड महामारी वर्ष) में सबसे कम लगभग 7.5% दर्ज की गई।

- कुल पाँच वर्षीय आय के आधार पर केवल एक बिहार-पंजीकृत दल, राष्ट्रीय सर्वोदय पार्टी, शीर्ष 10 में शामिल है, जबकि दिल्ली (4 दल) और उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र (2-2 दल) का वर्चस्व रहा।

**Five-year income of top 10 RUPPs whose both audit and contribution reports were available for FY 2023-24**

| S. No. | Party Name | Registered Address (State) | Registration of political party with ECI | Total income | FY 2023-24 | FY 2022-23 | FY 2021-22 | FY 2020-21 | FY 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Samata Party | Delhi | October 1994 | **Rs 5614.818 lakhs** | 5313.92 | 300.86 | 0.038 | 0 | Audit report FY 2019-2020 not available |
| 2 | Socialist Unity Centre of India (Communist) | West Bengal | Nov 2009 | **Rs 3539.39 lakhs** | 959.82 | 1033.76 | 691.92 | 692.2 | **161.69*** |
| 3 | Social Democratic Party of India | Delhi | July 1905 | **Rs 2613.72 lakhs** | 479.55 | 594.08 | 851.59 | 286.72 | 401.78 |
| 4 | Rashtriya Sarvodaya Party | Bihar | October 2014 | **Rs 1066.37 lakhs** | 242.45 | 332.75 | 426.34 | 40.6 | 24.23 |
| 5 | Vanchit Bahujan Aaghadi | Maharashtra | March 2019 | **Rs 852.81 lakhs** | 115.94 | 98.88 | 5.45 | 53.48 | **579.06*** |
| 6 | Aazad Samaj Party (Kanshi Ram) | Delhi | October 2022 | **Rs 558.36 lakhs** | 430.37 | 59.84 | 62.49 | 5.66 | - |
| 7 | Rashtriya Janshakti Party (Secular) | Delhi | February 2018 | **Rs 412.25 lakhs** | 183.01 | 173.62 | 54.55 | 0.27 | 0.8 |
| 8 | Rashtriya Samaj Paksha | Maharashtra | August 2003 | **Rs 359.44 lakhs** | 246.82 | 25.72 | 10.77 | 4.88 | 71.25 |
| 9 | Suheldev Bharatiya Samaj Party | Uttar Pradesh | March 2004 | **Rs 349.51 lakhs** | 140.34 | 95.73 | 45.88 | 67.56 | **N/A** |
| 10 | Jan Sangh Party | Uttar Pradesh | Sep 2009 | **Rs 200.58 lakhs** | 180.12 | **N/A** | 5.25 | 8.51 | **6.70*** |
| **Total (in Rs cr)** | | | | **155.672** | **82.923** | **27.152** | **21.543** | **11.599** | **12.455** |

* ये आंकड़े संबंधित दल की **योगदान रिपोर्ट** के अनुसार दल को प्राप्त **दान** की राशि को दर्शाते हैं, क्योंकि उस वित्तीय वर्ष के लिए **ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी।**




## एडीआर के अवलोकन

1. **जन संघ पार्टी** और **राष्ट्रीय लोक मोर्चा** की दान संबंधी जानकारियों में विसंगतियां पाई गईं। उदाहरण के तौर पर, **राष्ट्रीय लोक मोर्चा** ने कुल दान रु 50,120 घोषित किया, जबकि **रु 11.02 लाख** दान रु 20,000 से अधिक राशि के रूप में दर्शाए गए। इसी तरह, **जन संघ पार्टी** ने कुल दान **रु 180.12 लाख** घोषित किया, जबकि पार्टी द्वारा रु 20,000 से अधिक के दान **रु 184.26 लाख** दिखाए गए।
2. **जन सुराज पार्टी** की कुल आय वित्तीय वर्ष 2023-24 में **रु 2.42 करोड़** रही। हालांकि, इस रिपोर्ट में इस दल को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि यह अगस्त 2023 में पंजीकृत हुआ था और अब तक किसी भी चुनाव में भाग नहीं लिया है। इस रिपोर्ट में उन्हीं आरयूपीपी को शामिल किया गया है जिन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव लड़े थे या जो बिहार में पंजीकृत हैं।
3. यह ध्यान देने योग्य है कि विश्लेषण में शामिल कुल 275 दलों में से **163 दलों (59.273%)** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट और दान रिपोर्ट (रु 20,000 से अधिक) विवरण संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं कराई है। इनमें से **113 दलों** ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाग लिया था, फिर भी उनकी वार्षिक ऑडिट और दान रिपोर्टें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं। यह राजनीतिक दलों में **वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही की गंभीर कमी** को दर्शाता है। शेष **50 दलों** ने या तो 2020 के बाद पंजीकरण कराया है या उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में भाग नहीं लिया था। इन दलों का पूरा विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है।

| Bihar Unrecognized political parties status- For FY 2023-24 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Total Party Analysed | Both Reports Available | Only Audit Report Available | Only Donation Report Available | Both Reports Unavailable |
| 275 | 67 | 31 | 14 | 163 |
| Availability of Reports (in %) | 24.363% | 11.273% | 5.091% | 59.273% |

# एडीआर की सिफारिशें

1. 1999 में, भारत निर्वाचन आयोग ने 200 से अधिक राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किए थे, जो 1995 तक पंजीकृत थे लेकिन किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। जिन दलों को भेजे गए नोटिस वापस लौट आए या जिन्होंने इन नोटिसों का जवाब नहीं दिया, उन्हें पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया गया ऐसे दलों की संख्या 150 थी। इसी तरह, 2016 में 255 दलों को पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों की सूची से हटा दिया गया क्योंकि वे अब अस्तित्व में नहीं थे या कार्य नहीं कर रहे थे। 2022 में, निर्वाचन आयोग ने 537 आरयूपीपी को अनुपालन न करने के कारण सूची से बाहर कर दिया, जैसे कि ऑडिट की गई खातों की रिपोर्ट, योगदान रिपोर्ट (रु 20,000 से अधिक दान) या चुनाव व्यय विवरण प्रस्तुत न करना। हालिया जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें | यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहनी चाहिए ताकि उन सभी राजनीतिक दलों को सूची से हटाया जा सके जो **5** वर्ष या उससे अधिक समय तक किसी भी चुनाव में भाग नहीं लेते हैं**, और साथ ही यह** पंजीकरण प्रक्रिया को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम **भी बने।**
2. राज्य के **मुख्य निर्वाचन अधिकारियों** की वेबसाइटों को नियमित रूप से अद्यतन किया जाना चाहिए ताकि **गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा ऑडिट रिपोर्ट और योगदान रिपोर्ट प्रस्तुतिकरण की स्थिति** की जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। पारदर्शिता संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार, इन दलों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्टों/विवरणों की सूची **नियत तिथि के 24 घंटे के भीतर सीईओ की वेबसाइट पर अपलोड की जानी चाहिए।** साथ ही, जब भी किसी राजनीतिक दल से कोई रिपोर्ट/विवरण प्राप्त हो, तो **सीईओ** के **कार्यालय द्वारा 3 दिनों के भीतर इस सूची को अद्यतन किया जाना चाहिए।** वर्तमान में **छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, तेलंगाना, झारखंड, कर्नाटक, असम, केरल और गुजरात** को छोड़कर अन्य किसी राज्य के सीईओ की वेबसाइट पर ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुतिकरण की स्थिति उपलब्ध नहीं है। अन्य सभी राज्य सीईओ वेबसाइटों को इन राज्यों का उदाहरण अपनाते हुए पारदर्शिता दिशानिर्देशों के अनुरूप राजनीतिक दलों की सूची और उनकी रिपोर्ट प्रस्तुतिकरण की स्थिति प्रदर्शित करनी चाहिए।
3. राजनीतिक दलों के पंजीकरण को नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक है ताकि काले धन की हेराफेरी, भ्रष्ट चुनावी प्रथाओं और पैसे के दुरुपयोग को रोका जा सके। इसलिए, भारत निर्वाचन आयोग को न केवल व्यक्तियों के किसी संगठन को राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत करने के लिए कड़े मानदंड लागू करने चाहिए, बल्कि उन दलों को सूची से हटाने की सख्त कार्रवाई भी करनी चाहिए जो नियमों का पालन नहीं करते।
4. गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आयकर जांच की जानी चाहिए, विशेष रूप से उन दलों की जो चुनाव में भाग नहीं लेते, फिर भी स्वैच्छिक योगदान घोषित करते हैं।
5. निरीक्षण और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाना चाहिए, खासकर उन गैर-मान्यता प्राप्त दलों के लिए जिनके पास बड़े दाताओं से उच्च मात्रा में दान प्राप्त होता है।

# अस्वीकरण

इस रिपोर्ट में उपयोग किए गए आँकड़ों का स्रोत पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत किए गए ऑडिट रिपोर्ट, योगदान रिपोर्ट तथा अन्य खुलासे हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स इन आँकड़ों में कोई भी जानकारी जोड़ता या घटाता नहीं है, जब तक कि स्वयं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा डेटा में परिवर्तन न किया गया हो। विशेष रूप से, किसी अन्य स्रोत से अप्रमाणित जानकारी का उपयोग नहीं किया गया है। ये आँकड़े myneta.info/party और संबंधित राज्य के सीईओ की वेबसाइटों से प्राप्त किए जा सकते हैं। यद्यपि हर संभव प्रयास किया गया है कि यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत बयानों के अनुरूप रहे, फिर भी यदि इस रिपोर्ट में दी गई जानकारी और दलों के बयानों में किसी प्रकार का अंतर पाया जाता है, तो राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत जानकारी को ही सही और प्रमाणिक माना जाएगा। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (**एडीआर**), नेशनल इलेक्शन वॉच (**एनईडब्लू**) और उनके स्वयंसेवक इस रिपोर्ट में दिए गए आँकड़ों के उपयोग से उत्पन्न किसी भी प्रकार की प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, विशेष या परिणामी हानि, दावा, मांग या नुकसान के लिए उत्तरदायी या दायित्वपूर्ण नहीं होंगे। यह उल्लेखनीय है कि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (**एडीआर**) राजनीतिक दलों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग और संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को प्रस्तुत की गई ऑडिट और योगदान रिपोर्टों के विश्लेषण और प्रसार में अत्यंत सावधानी और पूर्ण सतर्कता बरतता है। इस प्रकार की जानकारी का उद्देश्य केवल हमारे चुनावी और राजनीतिक प्रणाली में धन के बढ़ते दुरुपयोग को उजागर करना है, ताकि एक ऐसी व्यवस्था को प्रोत्साहन मिले जो पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा दे, और मतदाताओं को एक जानकारीपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिले। अतः यह अपेक्षा की जाती है कि जो भी व्यक्ति इस रिपोर्ट का उपयोग करे, वह एडीआर द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों का प्रयोग करते समय पूरी सावधानी और जिम्मेदारी से कार्य करे। एडीआर किसी भी प्रकार की गलत प्रस्तुति, त्रुटि, गलतफहमी, भ्रामक व्याख्या, या आंकड़ों में इस प्रकार की हेरफेर या विकृति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, जिससे किसी विशेष राजनीतिक दल, राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या हानि पहुँचाने का उद्देश्य हो।

# संपर्क विवरण



| | | | |
|---|---|---|---|
| **Media and Journalist Helpline**<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org<br>https://adrindia.org/about-adr/state-coordinators | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)**<br>Head, NEW & ADR<br>anilverma@adrindia.org | **Prof Trilochan Sastry**<br>IIM Bangalore (Retd.)<br>Founder, NEW & ADR<br>tsastry@gmail.com | **Dr Ajit Ranade**<br>Founder Member, NEW & ADR<br>ajit.ranade@adrindia.org |